<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 नवम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षाओं की शुचिता और अभ्यर्थियों की सुविधा को बताया प्राथमिकता : कहा– उच्चतम न्यायालय के दिशा–निर्देशों के अनरूप हो रही हैं राज्य में परीक्षाएं।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से लखनऊ के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन समेत देश के 18 शहरों में नये पीएम जन औषधि केन्द्रों का करेंगे लोकार्पण।
- महाकुंभ दो हजार पचीस के लिए इक्तीस करोड़ पचास लाख रूपये की दस परियोजनाओं को मिली स्वीकृति। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पंद्रह दिसंबर तक सभी तैयारियां पूरी करने के दिये निर्देश।
- देव दीपावली पर काशी में 17 लाख दीपों से जगमग होंगे गंगा के घाट। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बनेंगे इस दिव्यता के साक्षी।

**********

उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा दो हजार चौबीस और आरओ–एआरओ दो हजार तेइस की परीक्षा एक दिन और एक शिफ्ट में कराए जाने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। वहीं उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग भी इन परीक्षाओं को दो दिवस में कराने के अपने निर्णय पर कायम है। छात्रो को प्रदर्शन खत्म करने के लिए डीएम, कमिश्नर और आयोग के सचिव की अपील के बाद भी प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्र कल शान्त नही हुए।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कहा है कि परीक्षाओं की शुचिता और अभ्यर्थियों की सुविधा उसकी प्राथमिकता है। राज्य में परीक्षाएं उच्चतम न्यायालय के दिशा–निर्देशों और अन्य राज्यों के पैटर्न के अनुरूप आयोजित की जा रही हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

***उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कहा है कि जहां 5 लाख से अधिक अभ्यर्थी हैं, वहां एक से अधिक पालियों में परीक्षा कराने की व्यवस्था लागू की गई है। इसी के अनुरूप पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा 2023 को क्रमशः दो और तीन चरणों में कराने का निर्णय लिया गया है। परीक्षाओं की शुचिता और छात्रों के भविष्य की रक्षा के उद्देश्य से परीक्षाएं केवल उन्हीं केंद्रों पर कराई जा रही हैं, जहां किसी प्रकार की कोई अनियमितता न हो। वहीं इस मामले में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सभी सक्षम अधिकारी छात्रों की मांगों को संवेदनशीलता से सुनें और शीघ्र समाधान निकालें। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

वहीं छात्रों के प्रदर्शन का समर्थन करने पहुंचे पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर व प्रयागराज में कोचिंग बंद कराने का प्रयास कराने वाले नौ उपद्रवियों को कल पुलिस ने हिरासत में ले लिया हालांकि कुछ देर बाद अमिताभ ठाकुर को छोड़ दिया गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन समेत देश के अटठारह शहरों में नये प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे। इन केंद्रों पर हृदय रोग, कैंसर, डायबिटीज, इंफेक्शन, समेत अन्य समस्याओं और पोषण से जुड़ी दवाएं मिलेंगी। इस पहल से उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां किफायती दरों पर उपलब्ध होंगी, जिससे स्थानीय जनता और यात्रियों को राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का मुख्य उद्देश्य सभी को आवश्यक दवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराना है।

**********

पिछले पांच सालों के दौरान दाखिल किये जाने वाले पेटेंट और औद्योगिक डिजाईनिंग फाईलिंग की संख्या दो गुनी हो जानी की वजह से भारत, बौद्धिक संपदा के मामले में दुनिया के शीर्ष छह देशो में शामिल हो गया है। पहली बार भारत तीन मुख्य बौद्धिक संपदा अधिकारों यानी पेटेंट, औद्योगिक डिजाइन आवेदन और ट्रेड मार्क आवेदन में दुनिया के शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दो हजार तेइस में भारत द्वारा दाखिल किये गये पेटेंट की संख्या चौसठ हजार चार सौ अस्सी थी। रिपोर्ट के मुताबिक दो हजार तेइस में दुनियाभर में पैंतीस लाख से अधिक पेटेंट दाखिल किये गये और यह लगातार चौथा वर्ष था। जब वैश्विक पेटेंट फाइलिंग में वृद्धि हुई है। दो हजार तेइस में सबसे ज्यादा सोलह लाख चालीस हजार पेटेंट चीन ने दाखिल किये हैं।

**********

महाकुंभ दो हजार पचीस के लिए कल शासन की शीर्ष समिति ने इक्तीस करोड़ पचास लाख रूपये की दस परियोजनाओं को सैद्धान्तिक स्वीकृति दी। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के सभागार में हुई समिति की बैठक मे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन परियोजनाओं को समय से शुरू कराने के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुंभ की तैयारियों के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिये कि महाकुंभ दो हजार पचीस के लिये सभी तैयारियां पंद्रह दिसम्बर तक पूरी कर ली जाए।

***राज्य सरकार पिछले 1 साल से महाकुंभ की तैयारी में लगी हुई है और लगभग 6000 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाएं स्वीकृत कर रखी है, जिसमें कुछ कुंभ के बजट से है और कुछ डिपार्टमेंटल बजट से तो उन 6000 करोड़ की जो परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, अब वह लगभग अंतिम चरण में है। सिक्योरिटी एक बड़ा इश्यू है इस बार और हर तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिसमें साइबर सिक्योरिटी से लेकर और फिजिकल सिक्योरिटी को भी और बेहतर तरीके से एनफोर्स करने के लिए जिन चीजों की आवश्यकता है पुलिस फोर्स को उसकी व्यवस्था देखी जाए। इस बार लगभग 4000 हेक्टेयर में मेला क्षेत्र लग रहा है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 2530 प्रतिशत अधिक है। फोर्स लगभग है। अब 40,000 की पुलिस फोर्स लग रही है।***

**********

देव दीपावली को लेकर वाराणसी, मिर्जापुर, अयोध्या और गोरखपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयारियां तेज हो गयी है। वाराणसी के अस्सी घाट पर कल से तीन दिवसीय भव्य गंगा महोत्सव का आयोजन शुरू हुआ। देव दीपावली के दिन काशी में इस बार सत्रह लाख दीपों से नमो घाट से रविदास घाट तक सभी 86 घाटों को जगमग किया जाएगा। इस दीपोत्सव कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

***काशी की देव दीपावली विश्व प्रसिद्ध है। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का भी इसका अवलोकन करने के लिए 15 नवंबर को काशी में दौरा प्रस्तावित है। इसमें वह क्रूज के माध्यम से घाटों की आलोककिता को निहारने के पश्चात अगले दिन बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करेंगे। काशी में देव दीपावली की तैयारियां तेज है घाट पर विश्वप्रसिद्ध गंगा आरती के आयोजक भी विशेष तैयारियां कर रहे है। गंगा सेवा निधि द्वारा  इस वर्ष देव दीपावली राष्ट्रवाद को समर्पित रहेगी। इसमें गंगा को अविरल निर्मल रखने का संकल्प दिलाया जाएगा और अमर वीर योद्धाओं के परिजनों को भगीरथ शौर्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा प्रशासनिक स्तर पर भी घाटों को सजाने की जिम्मेदारी विभिन्न वालंटियरों को सौंप गई है सुरक्षा की दृष्टि से भी व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं और संपूर्ण घाट क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन में तब्दील कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।***

उधर मिर्जापुर के चुनार में कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय नैनागढ़ महोत्सव की आज से शुरूआत होगी। इस महोत्सव के तहत कार्तिक पूर्णिमा के दिन चुनार के घाट पर इक्यावन हजार दीप प्रज्जवलित किये जाएगें। महोत्सव के दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

**********

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर बीस नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। मिर्ज़ापुर के मंझवा विधानसभा क्षेत्र में कल भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पाण्डेय ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। मझवां में ही समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल ने सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार और जनसंपर्क किया। उधर, प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा की।

**********

मथुरा रिफाइनरी में कल शाम अचानक हुए धमाके के बाद लगी आग से दो अधिकारियों समेत आठ कर्मचारी झुलस गये। इनमें से तीन की हालत गंभीर है उन्हें इलाज के लिए दिल्ली के अपोलो अस्पताल भेजा गया है। जबकि पांच का मथुरा में ही इलाज चल रहा है। रिफाइनरी प्रबंधन घटना की जांच करेगा।

**********

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आज से उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच शुरू होगा। मुकाबले से पहले कल दोनों टीमों ने इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया।

**********